nt>

Title:Need to set up the proposed centre of All India Institute of Medical Sciences at Gorakhpur, Uttar Pradesh.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, केन्द्र की पिछली सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए देश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के छः नये केन्द्र खोलने की स्वीकृति प्रदान की थी। जिसमें से एक केन्द्र उत्तर प्रदेश में प्रारम्भ होना था। पूर्वी उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व तथा स्वास्थ्य सेवाओं की दृटि से प्रदेश का सबसे पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण प्रतिर्वा इन्सेफलाइटिस तथा लिवर कैंसर से हजारों मौतें होती हैं। 6 करोड़ रुपये की आबादी में एक मात्र मेडिकल कालेज गोरखपुर में स्थित है, जिसकी तरफ सरकार का समुचित ध्यान नहीं गया है। तीन बार एम.सी.आई. इस कालेज की मान्यता समाप्त कर चुका है। गोरखपुर उत्तर प्रदेश का प्रमुख महानगर है। नेपाल का सीमावर्ती क्षेत्र होने के साथ-साथ बिहार का बहुत बड़ा भूभाग गोरखपुर से जुड़ा है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रस्तावित केन्द्र को गोरखपुर (उ.प्र.) में खोलने की व्यवस्था की जाए।